हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, शनिवार, अप्रैल 5, 2025


तापमान

अधिकतम 38.1 डिग्री
न्यूनतम 14.5 डिग्री


13 सड़क बदहाल गाड़ी के बोनट पर बैठ जताया विरोध





14 लॉन टेनिस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते पदक




## खबर संक्षेप



सोनीपत। जेसीबी के साथ विभागीय कर्मी साथ में पुलिस।

### अवैध खनन करते जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े

**सोनीपत।** जिला खनन विभाग ने गुरूवार को यमुना के साथ लगते गांवों में मुनादी करवाई गई ताकि कोई भी व्यक्ति अवैध खनन के कार्य में संलिप्त न रहे। इसके साथ ही देर रात को खनन विभाग की टीम ने गांव जगदीशपुर में अवैध खनन करते हुए एक जेसीबी व ट्रैक्टर-ट्राली को काबू किया गया तथा टीम द्वारा उक्त जेसीबी व ट्रेक्टर-ट्राली को पुलिस थाना राई में जब्त कर दिया गया।

### हत्या करने के प्रयास में आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने हत्या प्रयास की वारदात में शामिल आरोपित को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अक्षय उर्पु टैक्सी निवासी नरेला दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस वारदात में शामिल तीन आरोपितों को पहले काबू कर चुकी है। आरोपितों ने गत 26 मई 2023 को घर के बाहर खड़े युवक पर हत्या प्रयास की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस वारदात में शामिल अन्य की संलिप्तता की जांच कर रही है।

### युवक ने हथियार सहित इंस्टाग्राम पर डाली पोस्ट

**खरखौदा।** थाना क्षेत्र के गांव हलालपुर के आशीष ने यूपी में अपने दोस्त के साथ लाईसेंसी हथियार के साथ एक फोटो इंटाग्राम पर पोस्ट कर दी। पुलिस ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए जहां आशीष पर एफआईआर दर्ज की है, वहीं जिस युवक संजू का ये लाईसेंसी हथियार था उसके लाईसेंस को रद्द करने की सिफारिश की है। पुलिस के मुताबिक आशीष एक मामले में 12 साल जेल में रहा है। जहां उसकी मुलाकात नाईजीरियन से हुई थी। उसके एक दोस्त ने कहा कि यूपी के एक कोर्ट में जाना है, उसे पैसे भी मिलेगें। वह उनके साथ चला गया। जहां पर नाईजीरियन युवक भी पहुंचा हुआ था। जिसके साथ उसने हथियार के साथ पोज बनाते हुए एक फोटो ली और इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दी। पुलिस ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए एफआईआर दर्ज की है और लाईसेंसी हथियार का लाईसेंस रद्द करने की सिफारिश संबंधित अथोरिटी को भेज दी है।

### सिसाना व हलालपुर के खेतों से मोटर चोरी

**खरखौदा।** खरखौदा क्षेत्र में सोलर सिस्टम, मोटर व तार चोरी होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। अब हलालपुर गांव के किसान प्रदीप व सिसाना गांव के किसान अमरजीत के खेतों से सोलर पंप से जुड़ी हुई साम्रगी, तार चोरी हो गए हैं। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

### स्टेशन परिसर से बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** राजलुगढ़ी रेलवे स्टेशन परिसर से युवक की बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। युवक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। राजकीय रेलवे पुलिस सोनीपत ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव भोगीपुर राजलु निवासी शमसेर ने बताया कि वह अपनी बाइक लेकर स्टेशन पर पहुंचा। जहां बाइक को स्टेशन परिसर मं खड़ी करे ट्रेन में किसी काम के लिए बाहर चला गया। जब वह वापस लौटा तो उसकी बाइक नहीं मिली। बाइक की तलाश की, लेकिन सुराग नहीं लग पाया।

---

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने बैठक ली, विकास कार्यों पर अधिकारियों से नाराज होकर बोले

# डी प्लान का बजट लैप्स हुआ, कुछ तो शर्म आई होगी, जनहित के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

- विभिन्न विभागों की विकास परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उनमें तेजी लाने के दिए निर्देश
- बेहतर तालमेल और जनता की सुनवाई को प्राथमिकता दें अधिकारी



सोनीपत। बैठक के दौरान मंच पर उपस्थित मंत्री, विधायक, मेयर व अधिकारीगण।



सोनीपत। बैठक में मौजूद जिले के अलग-अलग विभागों के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में विकास कार्यों से संबंधित कामों को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान द्वारा डी प्लान का पैसा लैप्स होने की बात उठाई गई तो मंत्री ने तलख लहजे में अधिकारियों को कहा कि बजट का पैसा लैप्स हुआ है कुछ तो शर्म आई होगी। हालांकि कोई भी अधिकारी इसका जवाब नहीं दे पाया। उन्होंने डी प्लान की राशि लैप्स होने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि भविष्य में ऐसा नहीं होना चाहिए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री घोषणा के विकास कार्यों पर विशेष फोक्स करने के निर्देश दिए गए। डॉ. अरविंद शर्मा ने स्पष्ट किया कि विकास और जनहित कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शुक्रवार दोपहर लघु सचिवालय तृतीय तल पर स्थित बैठक कक्ष में सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने सोनीपत जिला में चल रहे विकास कार्यों और केंद्र-प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। विधायक कृष्णा गहलावत, विधायक देवेन्द्र कादियान, मेयर राजीव जैन की उपस्थिति में उपायुक्त डॉ मनोज कुमार, पुलिस आयुक्त नाजनीन भसीन व विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ 3 घंटे तक बैठक चली। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के स्पष्ट दिशा-निर्देश हैं कि आमजन की भलाई को लेकर जितनी भी योजनाओं को मंजूरी दी गई है, उन्हें निर्धारित अवधि में पूरा किया जाए, ताकि आमजन को जल्द से जल्द उसका लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने-अपने विभाग में किसी समस्या को लेकर आने वाले लोगों के साथ अच्छा व्यवहार करते हुए यदि उनकी समस्या पर उसी वक्त गौर करेंगे तो लोगों को सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर नहीं काटने पडेंगे। ऐसे में अधिकारी, कर्मचारी आमजन से सकारात्मक संवाद करें।

**निर्देश**

### प्रस्तावों की निगरानी करें अधिकारी

बैठक में कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव चंडीगढ़ मुख्यालय भेजे जाते हैं, उनकी अधिकारी निगरानी करें और कोई देरी होने की स्थिति में जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में लाएं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में ठेकेदारों द्वारा लापरवाही बरते जाने की स्थिति में कार्रवाई करने में ज्यादा देरी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने गोहाना क्षेत्र में पीने के पानी की खराब गुणवत्ता की शिकायत पर जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता को अपने अधिकारियों संग 2 दिन गोहाना में लगाने के निर्देश दिए।

**बिजली**

### पेट्रोलिंग करें बिजली निगम कर्मचारी

कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि गर्मी के समय मे बिजली खपत बढ़ने व इस दौरान बिजली निगम अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा आमजन की शिकायत में लापरवाही को गम्भीरता से लेते हुए निगम अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए कि इस बार अधिकारी पैट्रोलिंग करें और व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए काम करें। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यों में बीडीपीओ, ग्राम सचिव और सरपंचों के बीच समन्वय की कमी को दूर करने के निर्देश दिए और कहा कि विकास कार्यों में किसी का भी अड़ियल रवैया बाधा बनेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**नशा**

### नशे के सिंडिकेट को तोड़े पुलिस

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नशे के खात्मे के लिए गम्भीर हैं। हाल ही में उन्होंने सोनीपत में नशे के विरुद्ध हाफ मैराथन में भागीदारी करने हुए आमजन को जागरूक किया व शनिवार को हिसार में साइकलाथान में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने पुलिस आयुक्त नाजनीन भसीन को निर्देश दिए कि पूरे जिला में बाहर से आ रहे सूखे नशे के सिंडिकेट को सख्ती के साथ तोड़ा जाए। उन्होंने नशे के इंजेक्शनों को लेकर कैमिस्टों के साथ भी बैठक करें। डॉ. शर्मा ने कहा कि नशे को खत्म करने के संकल्प में हम सभी को मिलकर काम करना होगा।

**वक्फ बिल**

### मुस्लिम महिलाओं को फायदा होगा

डॉ. अरविंद शर्मा ने लोकसभा के बाद राज्यसभा में पारित हुए वक्फ संशोधन बिल पर सभी सांसदों का आभार व्यक्त करते हुए इसे ऐतिहासिक क्षण करार दिया। उन्होंने कहा कि इस बिल से गरीब मुसलमानों और मुस्लिम महिलाओं का लाभ मिलेगा, क्योंकि इस बिल में परिवार के लिए मुस्लिम महिलाओं के उत्तराधिकार अधिकारों को सुरक्षित किया गया है, ताकि उन्हें विरासत से वंचित न किया जा सके। बैठक के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि जहां पहले कुछ सीमित लोग ही वक्फ बोर्ड की संपत्ति का लाभ उठा रहे थे।

---

# दिव्यांग लड़की का ऑटो सवार युवकों ने किया अपहरण, पुलिस ने सहकुशल बरामद किया



सोनीपत। गिरफ्तार आरोपित पुलिस टीम के साथ।

- मुरथल फ्लाई ओवर के नीचे बैठी लड़की से वारदात
- पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया
- अदालत ने न्यायिक हिरासत में जेल भेजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर मुरथल थाना क्षेत्र में दिव्यांग लड़की का अपहरण करने का मामला सामने आया है। सूचना के बाद पुलिस की टीमों ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। टीम ने लड़की को सकुशल बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपित सावन, दीपक व गौरव निवासी गांव मुरथल के है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

जानकारी मिली है कि एक दिव्यांग लड़की ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि वह व मुरथल फ्लाई ओवर के नीचे बैठी हुई थी। उसी दौरान ऑटो सवार तीन युवक आए। उसे जबरदस्ती ऑटो में बैठा लिया। वह जोर-जोर से चिल्लाने लगी। उसी दौरान दो लड़कों ने बाइक को ऑटो के पीछे लगा लिया। ऑटो सवार युवक उसे गांव नांगल की तरफ रजवाहा पर छोड़कर फरार हो गए। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची मुरथल व एसएजी यूनिट ने लड़की को सकुशल बरामद कर लिया। पीड़िता के बयान पर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले में कार्रवाई करते हुए टीम ने आरोपितों को काबू कर अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## किसानों के खेतों से ट्यूबवेल के तार चुराए

**गन्नौर।** पुगथला गांव में किसानों के खेतों से चोर ट्यूबवेल की तार चोरी कर फरार हो गए। पीड़ति किसान ने इसकी शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में पुगथला गांव के मनोज ने बताया कि वह 2 अप्रैल को अपने खेत में फसल में पानी देने के लिए गया था। इस दौरान उसके खेत में लगे तीनों ट्यूबवैलों की तार कटी हुई मिली। उसके खेत से एक सिंगल फेस की मोटर भी गायब थी। बाद में पता चला कि चोर किसान रामतीर्थ, संदीप, कृष्ण, रमेश, संजय, नीरज, सुनील के खेतों से भी ट्यूबवेल की तार चोरी की गई है।

---

# बिना अनुमति दुकान निर्माण पर मार्किट कमेटी का नोटिस

- नियमानुसार फीस जमा कर निर्माण की अनुमति प्राप्त करें, वरना कार्रवाई होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

नई अनाज मंडी में बिना अनुमति और फीस जमा किए दुकान निर्माण कर रहे दो आढ़तियों को मार्किट कमेटी ने नोटिस जारी किए किए हैं। नोटिस में निर्देश दिए गए हैं कि वे नियमानुसार फीस जमा कर निर्माण की अनुमति प्राप्त करें, अन्यथा विभागीय कार्रवाई की जाएगी। सचिव ने स्पष्ट किया कि भविष्य में इस तरह की कोई भी अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मार्किट कमेटी सचिव जगबीर कादियान ने जानकारी देते हुए बताया कि मंडी में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य करने से पहले निर्धारित फीस जमा करानी होती है। इसके बाद ही विभाग निर्माण की अनुमति देता है, लेकिन संबंधित दो आढ़तियों ने न तो फीस जमा कराई और न ही कोई अनुमति ली, जिससे विभाग को राजस्व हानि हो रही थी। सूचना मिलने पर विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों आढ़तियों को नोटिस भेजे हैं। उन्होंने कहा कि मार्किट कमेटी का उद्देश्य पारदर्शिता और नियमों का पालन सुनिश्चित करना है। ताकि मंडी व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके। विभाग अब मंडी क्षेत्र में हो रहे अन्य निर्माण कार्यों की भी जांच करेगा।





गन्नौर। नई अनाज मंडी में बिना अनुमति कि किया जा रहा निर्माण।

---

# गला रेतकर पत्नी की हत्या करने का आरोपित गिरफ्तार

## गांव भैंसवान खुर्द में दो दिन पहले हुई थी वारदात

- आरोपी ने पूछताछ में बताया, वह अपनी पत्नी के साथ रहती थी अनबन
- दूसरी शादी करना चाहता था आरोपी साहिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गांव भैंसवान खुर्द में पत्नी की हत्या करने वाले साहिल को बरोदा थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पति और पत्नी में अनबन रहती थी, जिसके चलते वह दूसरी शादी करना चाहता था। साहिल शराब पीकर भी झगड़ा करता था। उसने चिकन काटने में प्रयोग किए जाने वाले चाकू से पत्नी की हत्या की। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर उसे एक दिन के रिमांड पर लिया। उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के गांव मुखमेलपुर की निशा उर्फ ईशा की शादी 17 फरवरी 2024 को गांव भैंसवान खुर्द के साहिल से हुई थी। निशा की छोटी बहन खुशी की शादी साहिल के छोटे भाई सावन से की थी। साहिल और निशा में अनबन रहती थी, जिसके चलते वह दूसरी शादी करना चाहता था। पहले दोनों में कई बार बहस हो चुकी थी और साहिल उससे से मारपीट कर चुका था। तब स्वजन ने दोनों को समझाकर शांत करा दिया था।

**शराब पीकर झगड़ा**

बुधवार देर रात को साहिल शराब पीकर घर आया था, जिस पर पति व पत्नी में झगड़ा हुआ था। इसके बाद उसने घर में रखे चिकन काटने में प्रयोग होने वाले चाकू से निशा का गला काटकर उसकी हत्या कर दी। निशा के गले पर चाकू से दो वार किए गए। निशा की मां की शिकायत पर साहिल के विरुद्ध केस दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपित साहिल को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय के आदेश पर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस पूछताछ में साहिल ने बताया कि उसकी पत्नी से अनबन रहती थी, जिसके चलते वह उसके साथ नहीं रहना चाहता था।

---

# बाइक सवार पर गिरा लाल बत्ती लाइट का पोल, तमाशबीन बने रहे खाकी के जवान





सोनीपत। नीचे गिरा पोल व उसे रास्ते से हटाते हुए राहगीर और बाद में आए पुलिस कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर के ककरोई चौक पर विभाग की तरफ से यातायात को चलाने व रोकने के लिए लगाई बत्ती का पोल जर्जर होने के चलते बाइक सवार पर गिर गया। पोल गिरने से युवक पोल के नीचे दब गया। चौक पर तैनात खाकी के जवान युवकों ने पोल के नीचे से निकालने की जहमत तक नहीं की। राहगीरों ने युवक को पोल के नीचे से निकाला। उसे घायल अवस्था में उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भिजवाया। राहगीरों ने मामले को लेकर डायल-112 पर भी कॉल कर सूचना दी। मिली जानकारी के अनुसार सुमित नाम का युवक अपनी बाइक पर सवार होकर ककरोई रोड से महलाना सड़क मार्ग की तरफ जा रहा था। चौक पर पहुंचते ही अचानक उसके ऊपर लाल बत्ती का पोल गिर गया। वह पोल के नीचे दब गया। तैनात पुलिस कर्मचारी उसे देखते रहे।

### 15 मिनट तक पोल के नीचे दबा रहा युवक

आरोप है कि पुलिस कर्मचारियों ने युवक को पोल से नीचे से नहीं निकाला। करीब 15 मिनट तक युवक पोल के नीचे दबा रहा। वहीं उक्त पोल की लाइटें काफी दिनों से खराब चल रही है। जिसके चलते मैनुअल तरीके से पुलिस कर्मचारी चौक पर यातायात को कंट्रोल करते है। पोल काफी दिनों से जर्जर हालत में पहुंचा चुका था। पास में दुकानदार ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जर्जर पोल की शिकायत प्रशासनिक अधिकारियों को पहले की थी, लेकिन कोई समाधान नहीं हो सका। वहीं गनीमत रही कि पोल नीचे दबे युवक को करंट नहीं लगा। महीनों से बंद पड़ी बत्ती नीचे गिरते ही अचानक जलने लग गई। राहगीरों ने जान जोखिम में डालकर युवक को पोल के नीचे से निकालकर अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचाया।

---

व्हील चेयर नहीं मिलने पर सिविल अस्पताल में अफरा-तफरी

# बाइक पर मरीज को लेकर इमरजेंसी में घुसा युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नागरिक अस्पताल के मुख्य कक्ष के बाहर मरीज को व्हील चेयर नहीं मिली तो महिला को बाइक सहित आपातकालीन कक्ष में लेकर युवक आ गया। बाइक को अंदर देखते ही नर्सिंग अधिकारी मौके पर पहुंची। जहां युवक को समझाया। उसके बाद युवक ने बाइक को बाहर निकाला। युवक का आरोप था कि कक्ष के बाहर स्ट्रेचर रखे हुए थे, लेकिन व्हील चेयर नहीं मिली। जिसके चलते उसे मजबूरन बाइक को अंदर लेकर जाना पड़ा। नागरिक अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में बाइक पर बैठी महिला को लेकर युवक शुक्रवार को अंदर घुस गया। युवक ने बताया कि महिला चलने में असमर्थ है। काफी देर तक वह कक्ष के बाहर व्हील चेयर को ढूंढता रहा, लेकिन उसे व्हील चेयर नहीं मिली। वह महिला का उपचार करवाने के लिए अस्पताल में आया था। उसका आयुष्मान कार्ड होने के चलते उसे वेरीफाई करवाने के लिए कमरा नंबर-61 में जाने के लिए कहा।

वह आपातकालीन कक्ष के बाहर पहुंचा। लेकिन उसे व्हील चेयर नहीं मिली। मजबूरी में उसे बाइक को अंदर लेकर जाना पड़ा। ताकि आयुष्मान कार्ड की वेरिफिकेशन हो सके। वहीं बाइक पर बैठकर अंदर पहुंचे युवक को नर्सिंग अधिकारी ने देख मिला। नर्सिंग अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर युवक को समझाया। उसके बाद युवक ने महिला को बाइक से नीचे उतारकर बाइक को बाहर निकाला।





सोनीपत। इमरजेंसी कक्ष में बाइक पर बैठी महिला व समझाते नर्सिंग अधिकारी।

### निर्देश दिए

बाइक को गेट के अंदर लेकर जाना गलत बात है। कक्ष के मुख्य द्वार पर व्हील चेयर व स्ट्रेचर रखे होते हैं। कोई अन्य मरीज व्हील चेयर को लेकर चला गया था। कक्ष में तैनात कर्मचारियों को इस संबंध में ध्यान रखने के निर्देश दे दिए हैं। आगे किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जायेगी।

**-डा. ज्योत्सना, प्रधान चिकित्सक अधिकारी नागरिक अस्पताल।**





पृथ्वी सूर्य के चारों ओर 29 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से चक्कर लगा रही है।


धरती से अगर चन्द्रमा गायब हो जाए तो पृथ्वी पर एक दिन महज छह घंटे का होगा।

# प्रकृति प्रेमी हैं तो वन सेवा में ऑफिसर अच्छा करियर विकल्प



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

भारतीय वन सेवा का पद भारत की अखिल भारतीय सेवाओं में से एक है। अगर आपका भी सपना है कोई अच्छे पद पर सरकारी जॉब करने का तो आपके लिए आईएफएस एक बढ़िया ऑप्शन हो सकता है। आईएफएस एक ऐसी सरकारी जॉब है जिसमे आप अपना बेहतरीन करियर बना सकते हो। यह लेख पड़ने के बाद आप यह अच्छे से समज सकेंगे कि आईएफएस ऑफिसर कैसे बने और आईएफएस का फुल फोर्म क्या होता है। आईएफएस बनने के लिए क्या क्या योग्यता होनी चाहिए। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। हालांकि यह करियर बनाने का एक बेहतरीन क्षेत्र है।

## क्या होता है इंडियन फॉरेस्ट सर्विस

इंडियन फॉरेस्ट सर्विस (आईएफएस ) जिसे हिंदी में भारतीय वन सेवा के पद के नाम से जाना जाता है और यह भारत की अखिल भारतीय सेवाओं में से एक है। जैसे कि आईएसएस, आईपीएस और आईएफएस। आईएफएस को 1966 में अखिल भारतीय सेवा अधिनियम 1951 के तहत भारत सरकार द्वारा गठित किया गया। जैसे कि नाम से ही पता चलता है फॉरेस्ट ऑफिसर का काम जंगलों की देखरेख करने से लेकर जंगलों की अवैध कटाई पर रोक लगाने का होता है। अब तो वन विभाग सेक्टर में काफी बदलाव भी आ रहे है जैसे कि इसमें बहुत ज्यादा नौकरियां निकलने लगी है और वन विभाग में अफसर होना कोई छोटी बात नहीं है और इसमें सैलरी पैकेज भी काफी अच्छा रहता है। आईएफएस यानी कि इंडियन फोरेस्ट सर्विस की नियुक्ति एक वन रक्षक के रूप में होती है जिसमे आपको देश की सेवा करने का मौका भी मिलता है। आईएफएस की जॉब में एक शानदार भविष्य की कामना कर सकते है।

## जरूरी योग्यताएं

आईएफएस बनने के लिए आपको सबसे पहले इसके एग्जाम की पतैयारी पर पूरा ध्यान देना होगा। अगर आप नहीं जानते है कि आईएफएस की तैयारी कैसे करे तो घबराइए मत हम आपको पूरा प्रोसेस शेयर करेंगे। आईएफएस के पद पर कार्यरत होने के लिए आपको आईएफएस का एग्जाम पास करना जरूरी होता है इसके बाद ही हम इस पद के अधिकारी बन सकते है। आईएफएस के लिए क्या योग्याएं होनी चाहिए चलो जानते है।

### ये है आयु योग्यता

अगर आप इंडियन प्रेस ऑफिसर बनना चाहते हैं तो आपकी न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष और अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष होनी अनिवार्य है। इसके अलावा पिछड़ा वर्ग जैसे ओबीसी , एससी, एसटी और ईडब्ल्यूएस आदि कैंडिडेट के लिए आयु सीमा में छूट का प्रावधान मिलता है।

### स्नातक की डिग्री जरूरी

फोरेस्ट विभाग में ऑफिसर बनने के लिए शैक्षिक योगयता में उमीदवार को किसी एक विषय में स्नातक डिग्री होना जरूरी है। जैसे कि गणित, जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, पशु चिकित्सा विज्ञान, पशुपालन इंजीनियरिंग, वानिकी, वनस्पति विज्ञान, कृषि सांख्यिकी अदि में किसी भी सब्जेक्ट में ग्रेजुएट है तो आप फोरेस्ट ऑफिसर बनने के लिए अप्लाई कर सकते हो।

## पास करनी होगी परीक्षा

**भारतीय वन अधिकारी बनने के लिए आपको तीन चरणों को क्लियर करना होता है जिसके बाद आईएफएस बन सकते हैं।**

**प्राथमिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा, साक्षात्कार**

इन तीनों राउंड में से सबसे पहले आपका प्री एग्जाम होता है जो ऑब्जेक्टिव टाईप रहता है और प्री एग्जाम को पास कर लेने के बाद आप मेन्स एग्जाम में बैठने के योग्य होते हैं। और मुख्य परीक्षा आपकी सब्जेक्टिव यानी कि इसमें विस्तार से प्रश्न पूछे जाते हैं। प्री और मेन्स परीक्षा पास कर लेने के बाद आखिर में कैंडिडेट्स को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है जो के फाइनल स्टेप होता है। इस इंटरव्यू को क्लीयर कर लेने के बाद कैंडिडेट्स को फाइनली ट्रेनिंग के लिए भेजा जाता है।

### मुख्य काम

वन विभाग और वन मंत्रालय की जानकारी के लिए जंगल के पेड़ पौधों, जीव जंतुओं से जुड़ा सर्वे करना, कागजी कार्यवाही करना और रिपोर्ट तैयार करना। भेड़, बकरियों व अन्य सभी पालतू जानवरों को वन भूमि पर चरने से रोकना। घायल जीव जंतुओं और पक्षियों को चिकित्सा सहायता देना या उन्हें ऐसे जगह पहुंचाना जहां वे ठीक हो सके और सुरक्षित रहें। जंगल में अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाना ताकि जंगल का विकास हो सके। शिकारियों को शिकार ना करने देना, अवैध रूप से काटी गई लकड़ी या शिकार किए गए जानवरों या जानवरों के अंगों को जब्त करना।

### सैलरी

आईएफएस अफसर के बारे सभी जानकारी जानने के बाद अब हमारे मन में आखरी और महत्वपूर्ण सवाल होता है कि आखिर इतनी मेहनत करने के बाद आईएफएस की सैलरी क्या होगी। तो हम आप को बता दें कि आईएफएस अफसर को सैलरी काफी अच्छी मिलती है और उसमे समय समय पर इजाफा भी होता है। आईएफएस के पद में 15600 रु प्रति माह से लेकर 40000 रु प्रति माह वेतन देह होता है और 5400 रु ग्रेड पे भी मिलती है। आईएफएस के पद में कई सारे भत्ते अदि भी मुहैया कराये जाते हैं।

---

## यह पेशा रुतबे के साथ-साथ अच्छा पैसा कमाने का भी देता है मौका

# ट्रेंड फोरकास्टर बन बाजार की नीतियों को पहचानें और बनाएं शानदार करियर

उद्योगों के भविष्य को समझने में करता मदद

डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



अगर आप भी एक नए करियर विकल्प को अपनाना चाह रहे हैं तो आपके लिए ट्रेंड फोरकास्टर बनना एक अच्छा करियर विकल्प हो सकता है। इस पेशे में रुतबे के साथ-साथ अच्छा पैसा कमाने का भी मौका मिलता है। अगर आपको बदलते फैशन, बाज़ार की नीतियों, सामाजिक प्रवृत्तियों को समझने और भविष्यवाणी करने में रुचि है, तो ट्रेंड फोरकास्टर एक बेहतरीन करियर विकल्प है। यह पेशा आपको उद्योगों के भविष्य को समझने और नई संभावनाओं को खोजने का अवसर देता है। ट्रेंड फोरकास्टिंग मुख्य रूप से फैशन, टेक्नोलॉजी, बिजनेस, मार्केटिंग और सांस्कृतिक रुझानों का विश्लेषण करके कंपनियों को आने वाले बदलावों के लिए तैयार करने में मदद करता है। ट्रेंड फोरकास्टिंग में गहरी रिसर्च, उपभोक्ताओं के व्यवहार का विश्लेषण, और डिजिटल टूल्स का उपयोग करके भविष्य के ट्रेंड्स को पहचानने की आवश्यकता होती है। यह पेशा न केवल रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देता है, बल्कि विभिन्न उद्योगों में कंपनियों की रणनीतियों को भी आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। चाहे वह फैशन डिजाइनर हों, मार्केटिंग टीमें हों, या निवेशक, सभी ट्रेंड फोरकास्टर्स की भविष्यवाणियों पर भरोसा करते हैं ताकि वे प्रतिस्पर्धा में आगे रह सकें।

### ट्रेंड फोरकास्टर क्या है



ट्रेंड फोरकास्टर का मुख्य कार्य भविष्य के ट्रेंड्स की पहचान और विश्लेषण करना होता है। वे विभिन्न डेटा, उपभोक्ता व्यवहार, बाजार की स्थितियों और सामाजिक बदलावों का अध्ययन करके आने वाले महीनों या वर्षों में संभावित रुझानों की भविष्यवाणी करते हैं।



Pexels/Los Muertos Crew

### तेजी से बढ़ता हुआ करियर

ट्रेंड फोरकास्टिंग एक रोमांचक और तेजी से बढ़ता हुआ करियर है। यदि आपको मार्केटिंग, फैशन, टेक्नोलॉजी और उपभोक्ता व्यवहार की गहरी समझ है और आप नई चीजों की भविष्यवाणी करने में रुचि रखते हैं, तो यह क्षेत्र आपके लिए बेहतरीन साबित हो सकता है।

### ट्रेंड फोरकास्टिंग के प्रमुख क्षेत्र

- फैशन ट्रेंड फोरकास्टिंग : आगामी कपड़ों की शैलियों, रंगों, और डिज़ाइनों की भविष्यवाणी करना।
- बिजनेस और मार्केटिंग फोरकास्टिंग: उपभोक्ताओं के व्यवहार और खरीदारी के रुझानों को समझना।
- टेक्नोलॉजी ट्रेंड फोरकास्टिंग: नई तकनीकों और डिजिटल परिवर्तनों की भविष्यवाणी करना।
- सांस्कृतिक और सामाजिक ट्रेंड्स: समाज में होने वाले बदलावों और उनकी दिशा को समझना।
- ब्यूटी और लाइफस्टाइल फोरकास्टिंग: स्किनकेयर, मेकअप और हेल्थ से जुड़े रुझानों की पहचान।

### वेतन और संभावनाएं

ट्रेंड फोरकास्टिंग में वेतन निजी और सरकारी क्षेत्रों में भिन्न हो सकता है। निजी कंपनियों में, एक शुरुआती ट्रेंड। इसमें अनुभव के आधार पर भी वेतन निर्भर करता है। जितना अच्छा आपका अनुभव होगा उतना ही आप कमाई कर पाएंगे।

फोरकास्टर को 40,000 रुपये से 60,000 रुपये प्रति माह मिल सकता है, जबकि अनुभवी पेशेवरों का वेतन 1,50,000 रुपये से 3,00,000 प्रति माह तक हो सकता है। शीर्ष स्तर के ट्रेंड फोरकास्टर्स को डेलॉयट, बीसीजी, नीलसन, और मैकिन्से जैसी कंपनियों में आकर्षक पैकेज मिलते हैं।

-सरकारी संगठनों जैसे भारतीय कपड़ा मंत्रालय, राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद, और भारत सरकार के उपभोक्ता मामलों के विभाग में भी ट्रेंड विश्लेषकों की मांग रहती है, जहां वेतन 50,000 रुपये से 1,20,000 रुपये प्रति माह तक हो सकता है। फ्रीलांस ट्रेंड फोरकास्टर्स भी क्लाइंट-बेस्ड मॉडल पर अच्छी कमाई कर सकते हैं।

### शिक्षा और योग्यता

**ट्रेंड फोरकास्टर बनने के लिए किसी विशेष डिग्री की आवश्यकता नहीं होती, लेकिन निम्नलिखित विषयों में शिक्षा आपके लिए फायदेमंद हो सकती है**

**फैशन, टेक्नोलॉजी, बिजनेस, मार्केटिंग और सांस्कृतिक रुझानों का विश्लेषण करना होगा**

**कंपनियों को आने वाले बदलावों के लिए तैयार करने में करता है मदद**

### प्रमुख कोर्स और संस्थान

- फैशन डिजाइन और मर्चेंडाइजिंग–नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनआईएफटी), पर्ल अकादमी।
- मार्केटिंग और बिजनेस स्टडीज़–भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), दिल्ली विश्वविद्यालय।
- मीडिया और कम्युनिकेशन–जामिया मिल्लिया इस्लामिया, एमिटी यूनिवर्सिटी।
- डेटा एनालिटिक्स और सांख्यिकी–इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टीट्यूट।
- साइकोलॉजी और सोशियोलॉजी–जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टीआईएसएस)

### प्रमुख कौशल

**एक सफल ट्रेंड फोरकास्टर बनने के लिए निम्नलिखित कौशल आवश्यक होते हैं।**

- बाज़ार और उपभोक्ता व्यवहार की समझ– उपभोक्ता की पसंद और प्रवृत्तियों को समझने की क्षमता।
- डेटा विश्लेषण– सांख्यिकी और एनालिटिक्स टूल्स (एक्सल, पायथन, आर) का ज्ञान।
- क्रिएटिव और आलोचनात्मक सोच–नए रुझानों को पहचानने और उनकी व्याख्या करने की क्षमता।
- डिजिटल मार्केटिंग का ज्ञान– सोशल मीडिया ट्रेंड्स व ऑनलाइन उपभोक्ता व्यवहार का विश्लेषण।
- संचार और प्रस्तुति कौशल– अपनी रिपोर्ट और निष्कर्षों को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने की क्षमता।

### करियर के अवसर

- फैशन कंपनियां– ज़ारा, एचएंडएम, लुई वुइटन, सब्यसाची
- मार्केट रिसर्च फर्म्स – नीलसन, मैकिन्से, बीसीजी
- टेक्नोलॉजी और इनोवेशन कंपनियां– गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, ऐप्पल
- सोशल मीडिया और डिजिटल एजेंसियां– ओगिल्वी, डब्ल्यूपीपी ग्रुप
- स्वतंत्र कंसल्टेंसी– कई ट्रेंड फोरकास्टर स्वतंत्र रूप से भी काम करते हैं।

### करियर काउंसलर से सलाह लें

*किसी भी करियर को चुनने से पहले करियर काउंसलर से सलाह लेना फायदेमंद होता है, ताकि आप अपनी रुचियों और क्षमताओं के अनुसार सही निर्णय ले सकें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.careerjaano.com** पर विजिट कर सकते हैं।*

---

# जीवन में सफलता हासिल करने के लिए सही रणनीति की आवश्यकता



मोटिवेशनल

डॉ. राजेश के. पिलानिया
प्रोफेसर, मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम

हम जीवन में सफल होने और एक आशाजनक करियर बनाने की आकांक्षा रखते हैं। यह एक अच्छी आकांक्षा है। इसे साकार करने के लिए, किसी को सही रणनीति की आवश्यकता होती है-एक ऐसी रणनीति जो न केवल एक सफल करियर का मार्ग प्रशस्त करे बल्कि यह भी सुनिश्चित करे कि हम इस यात्रा में अपनी सेहत और रिश्तों को बनाए रखें और यात्रा का आनंद लें। यहाँ एक सफल करियर के लिए सात चरणों की रणनीति दी गई है। यदि आप किसी विशेष क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में प्रयास करते हैं, तो किसी दिन आप निश्चित रूप से अपने करियर में सफलता हासिल करेंगे।

## काम करने की गहरी इच्छा जरूरी

सवाल यह है, क्या आप वास्तव में वह काम करना चाहते थे? क्या आपके पास उस काम को करने की गहरी इच्छा है? यदि जवाब नहीं है, तो वह विशेष काम आपके लिए नहीं है। यह खोजने की कोशिश करें कि आप वास्तव में क्या करना चाहते हैं; घंटों काम करने के बाद, क्या चीज आपको और काम करने के लिए अधिक उत्साहित करती है?

**एक योजना बनाएं** : 'सपने देखने वाले' और 'सफलता पाने वाले' के बीच एक पतली रेखा होती है: 'योजनाबद्धता'। योजनाबद्धता एक व्यक्ति के जीवन का सबसे आवश्यक हिस्सा है। हर काम के लिए एक योजना बनाएं जो आप करना चाहते हैं, हर लक्ष्य के लिए जो आप हासिल करना चाहते हैं। लक्ष्य के 'क्यों' और 'क्या' को खोजें और उसी के अनुसार एक अनुशासित योजना बनाएं।

**योजना का पालन करें** : 'योजनाबद्धता' को सही मार्ग पर लागू करने की इच्छा के साथ पालन करना होगा, जो सफलता की ओर ले जाता है। जब आप एक योजना के साथ काम करते हैं, तो तीव्र परिवर्तन होता है।

**अपने संसाधनों को आवंटित करें** : हर संसाधन के पहलू का उचित तरीके से उपयोग करना एक बहुत बड़ा अंतर पैदा करता है, क्योंकि समय एक सीमित संसाधन है, और अवसर एक सीमित समय अवधि के साथ आते हैं, इसलिए अपने समय को पुरस्कृत प्रयासों पर लाना संसाधन प्रबंधन का मुख्य हिस्सा है।

## कार्य में जीवन संतुलन बनाए रखें

जब आप अपने करियर बनाने के मार्ग पर हों, तो जीवन को नजरअंदाज न करना आवश्यक है। यह महत्वपूर्ण है कि जीना बंद न करें। अपनी योजना और संसाधन आवंटन में, कुछ ब्रेक-टाइम रखें ताकि आप आराम कर सकें, अपनी सेहत का ध्यान रख सकें, और अपने रिश्तों का ध्यान रख सकें। अच्छी सेहत और अच्छे रिश्तों के बिना सफलता खोखली और अर्थहीन है।

**नियमित साप्ताहिक और मासिक मूल्यांकन, प्रतिक्रिया और सीख बनाए रखें** : अपनी प्रगति पर नज़र रखने से आपको उन बाधाओं के जवाब मिलते हैं, जो आपके लक्ष्यों और उपलब्धियों के बीच आ रही हैं। प्रयासों और निर्णयों का साप्ताहिक और मासिक मूल्यांकन रखना काम के प्रति विचार प्रक्रिया को विस्तार देता है।

**इस यात्रा का आनंद लें** : एक सफल करियर की यात्रा मांगलिक और चुनौतीपूर्ण होती है। इस प्रक्रिया का आनंद लेना आवश्यक है। यह महत्वपूर्ण है कि असफलताओं को दिल से न लें; इसके बजाय, असफलता से जो सीख मिलती है उसे लें और सुधार करें, और फिर से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें।

**लेखक** : डॉ. राजेश के. पिलानिया मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम में प्रोफेसर हैं। उन्होंने भारत में खुशी पर अग्रणी कार्य किया है और उन्हें भारत के **Happiness** प्रोफेसर और भारत के **Happiness** गुरु के रूप में लोकप्रिय रूप से जाना जाता है। उन्होंने दुनिया भर में लाखों लोगों के साथ खुशी के अंतर्दृष्टि साझा किए हैं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** रेडियोधर्मिता की खोज किसने की थी ?
(ए) रदरफोर्ड
(बी) हेनरी वेक्वेरेल
(सी) रोएंटजेन
(डी) आइन्स्टाइन

**2.** रेडियो सक्रियता किसका गुण है
(ए) इलेक्ट्रॉन का
(बी) प्रोटॉन का
(सी) न्यूट्रॉन का
(डी) नाभिक का

**3.** रेडियोसक्रिय परिवर्तन में भाग लेता है
(ए) परमाणु के संयोजी इलेक्ट्रॉन
(बी) परमाणु के कोर इलेक्ट्रॉन
(सी) परमाणु के नाभिक
(डी) इनमे से कोई नहीं

**4.** किसी परमाणु के स्थाई नाभिक में प्रोटॉनो की संख्या होती है
(ए) न्यूट्रॉन की संख्या के बराबर
(बी) न्यूट्रॉन की संख्या से अधिक
(सी) न्यूट्रॉन की संख्या से कम
(डी) इसमे से कोई नहीं

**5.** रेडियोधर्मिता की यूनिट है
(ए) ऐंग्स्ट्रॉम
(बी) कैंडेला
(सी) फर्मी
(डी) क्युरी

**6.** रेडियोधर्मी तत्व किसका उत्सर्जन करती है
(ए) पराबैंगनी किरणों का
(बी) $\alpha$ , $\beta$ तथा $\gamma$ विकिरण
(सी) रेडियो तरंगे
(डी) अवरक्त तरंगे

**7.** अल्फा और $\beta$ किरणों की खोज किसने की थी
(ए) डॉल्टन
(बी) रौंटजन
(सी) रदरफोर्ड
(डी) विलार्ड

**8.** किस वज्ञानिक ने $\gamma$ किरणों की खोज की
(ए) विलार्ड ने
(बी) रदरफोर्ड
(सी) रौंटजन
(डी) डॉल्टन

**9.** निम्न में कौन रेडियोसक्रिय किरण हीलियम नाभिक के समकक्ष होता है
(ए) $\alpha$ किरण
(बी) $\beta$ किरण
(सी) $\gamma$ किरण
(डी) इनमे से कोई नहीं

**उत्तर** 1.(बी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(सी) 5.(डी) 6.(बी) 7.(सी) 8.(बी) 9.(ए)

## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की जान गई

**सोनीपत।** दिल्ली-अंबाला रेल मार्ग पर रेलवे स्टेशन के पास रेलमार्ग पर संदिग्ध हालत में युवक ट्रेन की चपेट में आया गया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जानकारी मिली कि युवक काम की तलाश में आया हुआ था। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### किशोर संदिग्ध हालत में लापता, शिकायत दर्ज

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालत में एसओएस यूथ होम से एक 15 वर्षीय किशोर लापता हो गया। एसओएस यूथ होम में उप अधीक्षक रूप कुमार ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने किशोर की तलाश शुरू कर दी है। रूप कुमार ने पुलिस को बताया कि दो को मोहित खेलने के लिए बाहर गया था, लेकिन वापस नहीं आया। काफी तलाश करने के बाद भी वह नहीं मिला। जब अन्य बच्चों से पूछताछ की गई, तो शुभम ने बताया कि उसने मोहित को रेलवे स्टेशन पर छोड़ा था।

### हमला कर दंपती को किया घायल

**खरखौदा।** सिसाना गांव में एक परिवार के 7 सदस्यों ने ट्रैक्टर से पाइप तोड़ने का उलहाना देते हुए संदीप व उसकी पत्नी पर हमला कर दिया। जिसमें संदीप को गहरी चोट आई है और उसे रोहतक पीजीआई में दाखिल कराया गया है। जहां पर उसकी आंख में चोट व कंधे में फ्रेक्चर बताया गया है। संदीप की शिकायत पर पुलिस ने एक ही परिवार की दो महिलाओं सहित 7 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। संदीप ने शिकायत में बताया कि आरोपी उसके घर उलहाना लेकर आए थे।

### खड़े डंपर से टकराया ट्रक का केबिन धंसा

**खरखौदा।** राष्ट्रीय राजमार्ग 334 बी पर खरखौदा के सांपला चौक के पास शुक्रवार की सुबह ट्रक एक खड़े डंपर से जा टकराया। जिससे ट्रक का केबिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और ट्रक का चालक उसमें फंस गया। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद चालक को केबिन से बाहर निकाला जा सका। उसे इलाज के लिए रोहतक भर्ती करवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पासपोर्ट व नकदी चोरी करने का आरोप, केस

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र में स्थित ढाबा के पास खड़ी कार का शीशा तोड़कर पासपोर्ट व विदेशी मुद्रा के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जालंधर पंजाब निवासी मंदीप ने बताया कि वह अपनी कार में अपनी चाची को दिल्ली एयरपोर्ट पर छोड़ने के लिए जा रहा था। वह खाना खाने के लिए ढाबे पर रुक गया। ढाबे से खाना खाकर गाड़ी की जांच की तो छोटा शीशा टूटा हुआ था।

### नवीन मंगला बने वैश्य फेडरेशन के जिलाध्यक्ष

**सोनीपत।** अंतराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन हरियाणा प्रदेश इकाई के प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास गर्ग ने राष्ट्रीय नेतृत्व से विचार विमर्श करके नवीन मंगला को फेडरेशन को जिला सोनीपत का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। बता दें कि नवीन मंगला जिला सोनीपत भाजपा के जिला महामंत्री हैं और जिले में विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं से जुड़े हुए हैं। नवीन मंगला ने प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास गर्ग, अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक का धन्यवाद किया।

### अब तक 2766.87 एमटी सरसों की खरीद हुई

**सोनीपत।** रबी सीजन के तहत जिले में सरसों की खरीद प्रक्रिया जारी है। अब तक जिले में कुल 2766.87 एमटी सरसों की खरीद हो चुकी है। इसमें से 2121.8 मीट्रिक टन सरसों की लिफ्टिंग पूरी हो चुकी है और शेष लिफ्टिंग का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरसों की खरीद निर्धारित एमएसपी मूल्य 5950 पर की जा रही है।

## दीक्षांत समारोह में कुलपति ने छात्राओं को बांटी डिग्रियां

# अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी ध्यान रखना चाहिए : डॉ. सुदेश

## स्कूल और कॉलेज में जो सीखा है, उसी से जीवन बनाना होगा : कादियान

मुख्य अतिथि खानपुर विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. सुदेश, विशिष्ट अतिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

सीसीएएस जैन गर्ल्स पीजी कॉलेज में दूसरा दीक्षांत समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि खानपुर विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. सुदेश व विशिष्ट अतिथि हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने शिरकत की । समारोह की अध्यक्षता सोसायटी अध्यक्ष आनंद जैन ने की। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के बाद अतिथियों का स्वागत हुआ। मंच से उनकी उपलब्धियों से छात्राओं को प्रेरित किया गया। दीक्षांत समारोह में स्नातक और स्नातकोत्तर की 71 छात्राओं को डिग्रियां दी गईं। सभी छात्राएं भारतीय परिधान में थीं। डिग्री मिलते ही छात्राओं के चेहरे खिल उठे। उन्होंने हाथ में डिग्री लेकर मोबाइल से सेल्फी ली। सभी छात्राओं, प्राध्यापकों और अतिथियों को पगड़ियां पहनाई गईं। कुलपति डॉ. सुदेश ने कहा कि छात्राओं को अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों से प्रेरणा दी। कहा कि आत्मविश्वास से ही मंजिल मिलती है। लक्ष्य तय कर आगे बढ़ें। अच्छा चरित्र समाज में सम्मान बढ़ाता है। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि विद्यार्थी बड़े सपने देखें। अनुशासन से ही सफलता मिलती है। डिग्री के बाद असली जीवन की परीक्षा शुरू होती है। स्कूल और कॉलेज में जो सीखा है, उसी से जीवन बनाना होगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी उन लोगों के ऋणी रहें जिन्होंने मार्गदर्शन किया। प्रिंसिपल डॉ. मनोज कुमार ने छात्राओं की सालभर की गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी दी। समारोह के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज वाइस प्रेसिडेंट भूषण भाटिया, गुरु नानक कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. अर्चना आर्य, समालखा पीएम स्कूल की प्रिंसिपल दुर्गा, महावटी स्कूल के प्रिंसिपल संजीव कुमार और कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा ।


खानपुर विवि की कुलपति डॉ. सुदेश का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते प्राचार्य डॉ मनोज।


गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान, कुलपति डॉ. सुदेश को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मान करते कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर मनोज व समिति अध्यक्ष आनंद जैन।

# वक्फ संशोधन बिल के पास होने पर लोगों ने मनाई खुशी

- व्यापारियों ने लड्डू बांटे और अपनी खुशी का इजहार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भारतीय जनता पार्टी व सहयोगी पार्टियों के समर्थन से केंद्र सरकार द्वारा वक्फ संशोधन बिल को लोकसभा में और राज्यसभा में पास कराने की खुशी में शुक्रवार को कुम्हार गेट दयाल चौंक मार्किट के व्यापारियों ने लड्डू बांटे और अपनी खुशी का इजहार किया। इस दौरान पटाखे भी चलाए गए। इस दौरान आसपास कालोनी वाले भी इकट्ठे हुए। इस अवसर पर राजेन्द्र बंसल, सुभाष झांब, ओमप्रकाश संदुजा, ओमप्रकाश झांब, श्रीकृष्ण झांब, जसविंदर सिंह, भारत ढींगरा, देवेंद्र वर्मा, चन्द्रशेखर, अमृत लाल, कुलदीप जैन आदि व्यापारी उपस्थित रहे।


वक्फ बोर्ड बिल पास होने की खुशी मनाते व्यापारी एवं स्थानीय निवासी।


सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय स्टाफ एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

### ब्राइट स्कॉलर स्कूल में सत्र प्रारंभ

सोनीपत। ब्राइट स्कॉलर स्कूल में नए सत्र में डे बोर्डिंग कक्षाओं की शुरुआत हुई। इस दौरान सभी डे बोर्डिंग कक्षाओं के विद्यार्थी उपस्थित रहे। उन्होंने मां सरस्वती को पुष्प अर्पित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। डे बोर्डिंग इंचार्ज तन्नू हांडा व अन्य अध्यापिकाओं ने सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया।

### ड्रेस और किताबों के नाम पर अभिभावकों से हो रही लूट हो बंद : गौतम

**सोनीपत।** आप हरियाणा के सोनीपत लोकसभा क्षेत्र अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम ने कहा कि नया शिक्षा सत्र मंगलवार से शुरू हो चुका है। इस बार भी अभिभावकों को पहले की तरह निजी स्कूल संचालकों की मनमानी से जूझना पड़ रहा है। अभिभावकों को स्कूल संचालकों की ओर से तय दुकानों से ही किताबें खरीदनी पड़ रहीं हैं। कई निजी स्कूलों में काउंटर लगाकर किताबें बेची जा रही हैं। अभिभावकों को मजबूरन वहां से किताब खरीदनी पड़ रही हैं। देवेन्द्र गौतम ने कहा की निजी स्कुल संचालक स्थानीय ज़िला शिक्षा अधिकारी व उपायुक्त की नाक तले अभिभावकों को ड्रेस और किताबों के नाम पर मनमाने तरीके से लूट रहे है।

# हवन के साथ नया शैक्षणिक सत्र शुरू

## चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में निदेशक अजय यादव ने दी आहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल शेखपुरा में नव शैक्षणिक स्तर की शुरूआत वैदिक रीति रिवाज से हवन यज्ञ करके की । जिसमें स्कूल समिति के प्रबंधक अजय यादव, निदेशिका पूजा यादव वाइस प्रिंसिपल अरुण गौतम व शिक्षकों ने हवन में आहुति डाली । विद्यालय में नव प्रवेशित बालकों का उपनयन संस्कार समारोह संपन्न हुआ। समिति के प्रबंधक अजय यादव, निदेशिका पूजा यादव, विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल अरुण गौतम ने मंच की शोभा बढ़ाई। आचार्य नित्य गोपाल शास्त्री ने पुरोहित की भूमिका अदा की। विद्यालय के उप प्राचार्य अरुण गौतम ने कहा कि इतिहास और अर्थ से भरपूर यह समारोह युवा दिमाग को आकार देता है और उन्हें जिम्मेदार नागरिक और सच्चाई का खोजी बनाने के लिए तैयार करता है। विद्यालय में मां गायत्री की पूजा व हवन करवाकर सभी बच्चों के बौद्धिक शारीरिक, मानसिक, विकास के लिए प्रार्थना की गई। शिक्षिकाओं ने सभी बच्चों के माथे पर तिलक लगाया। इस अवसर पर अध्यापिका नीलम, आरती, ज्योति, सोनिका, कोमल, ललिता, आसना, प्रियंका, राखी, कुसुम, रेनू, लवली, मीनू व सृष्टि आदि मौजूद रहे।


गन्नौर। यज्ञ में आहुति डालते स्कूल निदेशक अजय यादव, शिक्षक व छात्र। फोटो :हरिभूमि

### इनरव्हील क्लब ने किया कन्या पूजन

**सोनीपत।** इनरव्हील क्लब स्वर्ण सोनीपत ने शुक्रवार को सप्तम नवरात्र पर दिल्ली विद्यापीठ विद्यालय में कन्या पूजन किया और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। क्लब उपप्रधान उषा भंडारी ने बच्चों के अभिभावकों को समझाया कि बेटी को बेटे से कम न समझें। आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे आ रही हैं और बेटों से अधिक माता पिता की सेवा करती हैं। बहुत दुख की बात है कि लड़कियों का अनुपात फिर घट रहा है और कन्या भ्रूण हत्या रोकने में नाकाम सरकार बेटियों को बचाने में पूरी सतर्क नहीं है। आज समाज में महिलाओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर क्लब प्रधान नीतू दहिया, मंजू छिक्कारा, सीमा मक्कड़, बिंदु आदि उपस्थित रही।


विद्यालय में कन्याओं के साथ क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।


विधायक कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करते ठेका सफाई कर्मचारी।

### सफाई कर्मियों का प्रदर्शन जारी

**सोनीपत।** सीटू से संबंधित शहरी ठेका सफाई कर्मचारियों का आंदोलन विधायक के कार्यालय के बाहर 12 वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता प्रधान अजय कुमार टॉक ने की और संचालन कोषाध्यक्ष पवन ने किया। धरने पर मांग उठाते हुए नारेबाजी की गई। इस दौरान निकाले गए कर्मचारियों को वापस लेने, 5 साल का बकाया एरियर दिलवाने की मांगें मुख्य रही। धरने की अध्यक्षता प्रधान अजय कुमार टॉक ने की और संचालन कोषाध्यक्ष पवन ने किया। धरने पर मांग उठाते हुए नारेबाजी की गई। इस दौरान निकाले गए कर्मचारियों को वापस लेने, 5 साल का बकाया एरियर दिलवाने की मांगें मुख्य रही।इस मौके पर उपप्रधान दीपक, विजय, देवराज टॉक, विनोद, अमित टॉक, अमित, रविंद्र, सुरेंद्र, ने भी कर्मचारियों को संबंधित किया।


गोहाना। विद्यार्थियों को सम्मानित करते गुरुजन। फोटो :हरिभूमि

### मेधावी विद्यार्थी सम्मानित किए

**गोहाना।** गोहाना-जींद मार्ग स्थित ओम पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को मेधावी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में वार्षिक परीक्षाओं और गैर शैक्षणिक गतिविधियों में ओवरऑल टॉपर्स को अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित किया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में लोक गीतों की थाप पर लोक नृत्य की धमाकेदार प्रस्तुति दी। सम्मान समारोह के लिए मार्गदर्शन स्कूल की निदेशक निर्मल लाठर का रहा। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा ने की और संयोजन उप प्राचार्या रेखा बजाज का रहा। ओम एजुकेशन ट्रस्ट से डॉ. नवनीत लाठर ने विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। कक्षा 1वीं विज्ञान संकाय से वानी, आयुश, अमन, अरमान, वंशिका व रिधि। वाणिज्य संकाय से प्रेरक, पवित्र, प्रिंस। कला संकाय से अंशु चहल दृष्टि व तमन्ना सम्मानित हुए।

# सोलो डांस में पीयूष-प्रिया विजेता

## वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव के दूसरे दिन रंगारंग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गेटवे शिक्षण संस्थान के वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव युगांतर 2025 के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयोजन में सोलो डांस, सिंगिंग प्रतियोगिता और फैशन शो मुख्य आकर्षण रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य विनय कुमार सिंगल, डॉ राहुल राहुल शर्मा और निदेशक जनरल एके गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में सोलो डांस के विजेता के रूप में पीयूष और प्रिया हुड्डा ने बाजी मारी।

इस दौरान बताया गया कि कार्यक्रम के तहत हरियाणा के कलाकार अमन राज गिल और शिवानी चौधरी अपनी धमाकेदार प्रस्तुति देने आ रहे हैं। पहले दो दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं से भरे रहे, जहां छात्रों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।


सोनीपत। गेटवे कॉलेज में प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि


अधिवक्ताओं के साथ अपने विचार साझा करते विधायक इंदुराज नरवाल।

### जनसेवक बनकर काम करूंगा : इंदुराज

**गोहाना।** बरोदा विधानसभा के विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने उनको दोबारा विधायक के रूप में अपने जनसेवक को चुना है। उसने हमेशा जनसेवक बनकर काम किया है और आगे भी करूंगा। क्षेत्र के लोगों को कभी शिकायत का मौका नहीं दूंगा। वे अपने धन्यवादी दौरे में शुक्रवार को बार एसोसिएशन गोहाना और नई अनाजमंडी में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि रोहतक के सांसद दीपेंद्र हुड्डा शनिवार को प्रातः 9 बजे गोहाना में बरोदा रोड पर मोर चौक के निकट कांग्रेस बरोदा विधानसभा के कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। विधायक ने अधिवक्ताओं और आढतियों को इस समारोह में पहुंचने का निमंत्रण दिया। नई अनाजमंडी के कार्यक्रम में आढ़ती संदीप मलिक, पूर्व प्रधान विनोद सहरावत मौजूद रहे।

**प्रदर्शन** कई बार कर चुके शिकायत, समस्या का समाधान नहीं

# बड़वासनी से माहरा सड़क की हालत बदहाल होने से गाड़ी के बोनट पर बैठ जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बड़वासनी से माहरा सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने गड्ढों में गाड़ी रोककर और उसके बोनट पर बैठकर अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह इस सड़क को ठीक करवाने के लिए लगातार अधिकारियों को शिकायतें दर्ज करवा चुके हैं और कई बार प्रदर्शन भी कर चुके हैं। लेकिन, प्रशासन ने केवल आश्वासन दिए और अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। संजय बड़वासनिया ने बताया कि पहले प्रशासन ने 26 तारीख तक सड़क सुधार कार्य शुरू करने का वादा किया था, फिर इसे 4-5 अप्रैल तक टाल दिया, लेकिन अब तक काम शुरू नहीं हुआ है। सड़क के गड्ढों के कारण आम जनता को भारी परेशानी हो रही है, और दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पीडब्ल्यूडी विभाग और ठेकेदारों की मिलीभगत से सड़कें जल्दी टूट जाती हैं, जिससे जनता के पैसे का दुरुपयोग हो रहा है।बड़वासनिया ने मांग की कि सोनीपत जिले की सभी सड़कों की जांच के लिए एक समिति बनाई जाए और दोषी ठेकेदारों व अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो वे मंगलवार को पीडब्ल्यूडी कार्यालय के सामने बड़ा प्रदर्शन करेंगे और विभागीय मंत्री का पुतला दहन करेंगे।


सोनीपत। गाड़ी के बोनट पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करते जिला पार्षद। फोटो :हरिभूमि


सोनीपत। गोशाला में चारा डालते चांदराम दहिया एवं अन्य परिवारजन।

### पवन दहिया की तीसरी पुण्यतिथि मनाई

सोनीपत। डीक्रस्ट यूनिवर्सिटी के पूर्व रजिस्ट्रार स्वर्गीय डॉ. पवन दहिया की तीसरी पुण्यतिथि पर सामाजिक जागरूकता के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। चांदराम दहिया ने गायों को चारा, पक्षियों को दाना डाला। इसके साथ ही नीम, पीपल सरीखे पौधे रोपित कर डॉ. पवन को श्रद्धांजलि दी।इस दौरान वक्ताओं ने बताया कि डॉ. पवन दहिया बहुत अच्छे एडमिनिस्ट्रेशन थे और यूनिवर्सिटी के रजिस्टार रहे। चांदराम दहिया ने बताया पवन दहिया हमेशा रिसर्च को लेकर बहुत ही सजग और समर्पित थे। डॉ. पवन दहिया ने यूनिवर्सिटी में बच्चों के भविष्य को देखते हुए रोबोटिक्स इंजीनियरिंग की लैब बनाने का काम किया था। डॉ. पवन दहिया बहुत ही दूरदर्शी सोच वाले इंसान थे। उनको पता था आने वाला समय रोबोटिक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है, इसीलिए रोबोटिक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ाने के लिए वह रिसर्च पर ज्यादा बच्चों को मोटिवेशन करते रहते थे।

## खबर संक्षेप



खरखौदा। अभिनेता मनोज कुमार को श्रद्धांजलि देते शिक्षक और विद्यार्थी।

### अभिनेता मनोज कुमार के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**खरखौदा।** ब्रह्मशक्ति सीनियर सेकेंडरी स्कूल थाना कलां में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता मनोज कुमार के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। प्राचार्य रामबीर सिंह ने सभी छात्रों एवं स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए बताया कि भारत कुमार के नाम से प्रसिद्ध मनोज कुमार का जन्म 1937 में हुआ था। वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने अपने जीवन में देशप्रेम से ओतप्रोत अनेक बेहतरीन फिल्मों का निर्माण किया। उनकी हर फिल्म में समाज के लिए संदेश विद्यमान होता था। वे अपने देश भारत से बहुत प्यार करते थे और एक सच्चे राष्ट्रभक्त अभिनेता थे। उनकी फिल्म उपकार का कालजयी गीत मेरे देश की धरती, सोना उगले उगले हीरे मोती व पूरब और पश्चिम का अमर गीत भारत का रहने वाला हूँ, भारत की बात सुनाता हूँ जैसे अनेक गीत आज भी सभी की जुबां पर हैं। राष्ट्रीय के पर्वों पर उनके ये गीत अवश्य गाए जाते हैं। मनोज कुमार जी को 1992 में पद्मश्री तथा 2015 में सिनेमा जगत के सर्वोच्च पुरस्कार दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने अनेक पुरस्कार व सम्मान अपने जीवन में प्राप्त किए।

## जूनियर नेशनल जूडो चैम्पियनशिप में मनवाया प्रतिभा का लोहा

# लक्की और तमन्ना ने जीता पदक विद्यालय प्रबंधक ने किया स्वागत



सोनीपत। पदक विजेता खिलाड़ियों के साथ प्रबंधक, कोच एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जूनियर नेशनल जूडो चैम्पियनशीप का आयोजन देहरादून में दिनांक 28 मार्च से 31 मार्च तक सम्पन्न हुआ। इस चैम्पियनशिप में लगभग 600 जूडो खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें इंडियन स्कूल एकेडमी सोनीपत के लक्की ने 60 किलोग्राम में रजत पदक और तमन्ना ने प्लस 78 किलोग्राम में रजत पदक जीतकर अपने राज्य, जिले एकेडमी, माता-पिता और अपने कोच का नाम रोशन किया है। जूडो कोच सतपाल गुलिया ने बताया कि लक्की और तमन्ना ने बढ़िया खेल का प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त किए हैं। इससे पहले भी लक्की और तमन्ना राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त कर चुके हैं। विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय प्रबंधक नीलम गाहल्याण ने पदक विजेताओं का फूल-माला एवं पदक पहनाकर स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि कोच सतपाल गुलिया के मार्गदर्शन में लक्की और तमन्ना ने कम समय में ही बहुत सारी उपल्बधियां प्राप्त की हैं। डॉ. रविन्द्र मलिक ने भी जूडो खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी है। इस अवसर पर प्रबंधक नीलम गाहल्याण, जूडो कोच सतपाल गुलिया, डॉ. रविन्द्र मलिक, कलाध्यापक भूपेन्द्र सांगवान व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

■ पहले भी लक्की और तमन्ना राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त कर चुके हैं



सोनीपत। विजेता खिलाड़ी अपनी ट्राफी दिखाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ऑल इंडिया लॉन टेनिस प्रतियोगिता में लिटल एंजल्स स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते पांच पदक

**सोनीपत।** गोहाना में 1 अप्रैल से 4 अप्रैल 2025 तक ऑल इंडिया लॉन टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमे देशभर से लगभग 80 खिलाडियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत के खिलाड़ियों ने 3 स्वर्ण व 2 रजत पदक जीतकर अपने विद्यालय व प्रदेश का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय की टेनिस खिलाड़ी शेरी शर्मा ने अंडर- 18 बालिका वर्ग के फाईनल मैच में पंजाब की अंजलि दलाल को 6-3, 6-3 के स्कोर से व अंडर-16 आयु वर्ग के फाईल मैच में हरियाणा की सैरेना को 6-1, 6-3 के स्कोर से हराकर 2 स्वर्ण पदक जीते। एकल वर्ग में 2 स्वर्ण पदक जीतने साथ ही शेरी शर्मा ने युगल मुकाबले का स्वर्ण पदक भी अपने नाम किया। एकल वर्ग (बालक) के अंडर- 16 व अंडर- 18 में भी लिटल एंजल्स स्कूल के खिलाड़ी शिवा शर्मा ने रजत पदक प्राप्त किये। चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने विजयी खिलाड़ियों को बधाई दी।



खरखौदा। बैठक को संबोधित करते विधायक पवन खरखौदा। फोटो : हरिभूमि

## कल धूमधाम से मनेगा भाजपा का स्थापना दिवस : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

विधायक पवन खरखौदा की अध्यक्षता में शुक्रवार को खंड के सरपंचों, नगरपालिका के पार्षदों व भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। अपने अध्यक्षीय भाषण में उन्होंने ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वह निरंतर प्रयास कर रहे हैं। फरमाना में अंबेडकर भवन के लिए 22 लाख 45 हजार, कम्युनिटी सेंटर के लिए 35 लाख 26 हजार, निजामपुर माजरा में आंगनबाड़ी केंद्र के लिए 15 लाख 36 हजार ,सिसाना में पानी निकासी के लिए 35 लाख 44 हजार, झरोठी एस सी चौपाल के लिए 21 लाख 20 हजार, ककरोई में एस सी चौपाल के लिए 25 लाख 34 हजार, कतलूपुर व तुर्कपुर में पार्क के लिए राशि उपलब्ध कराई गई है।

खरखौदा शहर में विभिन्न विभागों द्वारा विकास कार्य शुरू करवाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि वह बार-बार क्षेत्र के लोगों को मुख्यमंत्री की तरफ से भरोसा दिला चुके हैं कि किसी भी कीमत पर खरखौदा क्षेत्र को गोहाना में शामिल नहीं किया जाएगा। इसके बावजूद कुछ लोग इस विषय पर अपनी राजनीति चमकाने के चक्कर में लोगों को बरगला रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से एक विधायक को विधानसभा में विकास कार्य के लिए 5 करोड रुपए की राशि उपलब्ध होती है। वह पूरी निष्पक्षता के साथ पूरी राशि को विकास कार्य में लगाने का काम करेंगे। वह पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि सरकार द्वारा 5 वर्ष में उन्हें लगभग डेढ़ करोड़ रूपया वेतन के रूप में मिलेगा। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यमुनानगर में एक प्लांट का व हिसार में एयरपोर्ट का उद्घाटन करने आ रहे हैं। प्रदेश में दोनों स्थानों पर वह रैली को संबोधित करेंगे। 6 अप्रैल को भाजपा पार्टी का स्थापना दिवस है। इसलिए कार्यकर्ता बड़ी धूमधाम से पार्टी का स्थापना दिवस मनाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

इस मौके पर नगर पालिका चेयरमैन हीरालाल इंदौरा, ब्लॉक समिति के पूर्व चेयरमैन राजबीर दहिया, रामनिवास प्रधान, विनोद सरपंच गोपालपुर, पवन शर्मा, सतीश, नरेश पाराशर व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान हिति बंसल को सम्मानित करते हुए एसीपी अजीत साथ में अन्य। फोटो : हरिभूमि

## जीवन में आगे बढ़ना जरूरी चाहे क्षेत्र कोई भी हो : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ शिवा शिक्षा सदन में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ, 12वीं की छात्रा हिति बंसल को विशेष रूप से किया सम्मानित

शिवा शिक्षा सदन में शुक्रवार को हवन यज्ञ के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के तौर पर एसीपी अजीत ने उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते हुए एसीपी अजीत ने अनुशासन का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ना जरूरी है, चाहे क्षेत्र कोई भी हो। क्योंकि जब तक आप आगे नहीं बढ़ेंगे तब तक आपको खुद की मेहनत का पता नहीं चलता।

इस दौरान विद्यालय की 12वीं कक्षा की छात्रा हिति बंसल को अपनी असाधारण उपलब्धियों के लिये सम्मानित भी किया गया। 15 वर्ष की आयु में हिति ने blogery.org की स्थापना की थी, जो युवाओं को अपने विचारों और दृष्टिकोणों को साझा करने का एक अनूठा मंच प्रदान करता है। यह प्लेटफ़ॉर्म विश्व मामलों, शैक्षणिक विषयों, पुस्तक और फिल्म समीक्षाओं, सतत विकास लक्ष्यों, महिला सशक्तिकरण आदि जैसे विषयों पर लेख प्रकाशित करता है, जिससे युवा पीढ़ी को अपनी आवाज़ बुलंद करने का अवसर मिलता है। हिति ने हाल ही में गणित और अंग्रेजी ओलंपियाड में राज्य स्तर पर सफलता हासिल की है। गणित ओलंपियाड में उन्होंने राज्य स्तर पर 9वां स्थान प्राप्त किया, जबकि अंग्रेजी ओलंपियाड में राज्य स्तर पर 5वां स्थान हासिल किया।

## आज जिले के राजकीय विद्यालय 10 बजे खुलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने दिए हैं आदेश, जिला शिक्षा अधिकारी को क्रियान्वयन के निर्देश

■ दुर्गाष्टमी की वजह से किया बदलाव

नवरात्रों में दुर्गाष्टमी के पर्व को देखते हुए एक दिन के लिये स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। जिसके संदर्भ में विद्यालय शिक्षा निदेशालय द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि शनिवार को सभी राजकीय विद्यालय सुबह 10 बजे खुलेंगे। छुट्टी के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सामान्य दिनों की तरह स्कूलों की छुट्टी दोपहर 2:30 बजे ही होगी। इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। शैक्षणिक स्टाफ व विद्यार्थियों के लिए समय एक समान रहेगा। जिले भर में नवरात्र पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। दुर्गा अष्टमी पर श्रद्धालु घर में कन्या पूजन व कढ़ाई आयोजित कर अपना उपवास खोलते हैं। शिक्षक व विद्यार्थी भी बड़ी संख्या में उपवास रखते हैं। कंजक पूजन व कढ़ाई करने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसे ध्यान में रखते हुए विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने दुर्गाष्टमी पर स्कूलों के समय में बदलाव किया है। यह बदलाव केवल शनिवार को ही लागू रहेगा। सामान्य दिनों में स्कूलों का समय सुबह आठ बजे से दोपहर 2:30 बजे तक निर्धारित है।

### केवल एक दिन के लिए किया गया है यह बदलाव

विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने केवल सुबह के समय में केवल एक दिन के लिये ही बदलाव किया है। इसके साथ ही स्पष्ट किया गया है कि जिले के जिन स्कूलों में दोहरी शिफ्ट में विद्यार्थियों की कक्षाएं लगती हैं, उनमें पहली शिफ्ट की कक्षाओं के समय में ही बदलाव किया गया है। पहली शिफ्ट की कक्षाएं सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक लगेंगी। दूसरी शिफ्ट के समय में कोई बदलाव नहीं होगा।

> **दूसरी शिफ्ट के समय में कोई बदलाव नहीं**
> दुर्गा अष्टमी पर शनिवार को स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। सभी राजकीय स्कूल सुबह 10:00 बजे खुलेंगे। स्कूलों में अध्यापकों व विद्यार्थियों के लिए समय एक समान रहेगा। दोहरी शिफ्ट में लगने वाले स्कूलों की दूसरी शिफ्ट के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है।
> -**नवीन गुलिया,** जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

## विद्या से बड़ा कोई धन नहीं: राजेश कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। हवन में आहुतियां डालते हुए गुरु और शिष्य। फोटो : हरिभूमि

गोहाना-पानीपत मार्ग स्थित दून पब्लिक स्कूल में हवन के साथ नया शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हो गया। मार्गदर्शन स्कूल के प्रबंधक राजेश कुमार और उप प्रबंधक विक्रांत माथुर का रहा। अध्यक्षता प्राचार्या ज्योति छाबड़ा ने की। हवन राम ऋषि संस्कृत महाविद्यालय कराला, दिल्ली से विद्वान रोहित राज पंत ने अपने चार शिष्यों के साथ विधि-विधान के साथ सम्पन्न करवाया।प्रबंधक राजेश कुमार ने कहा कि विद्या सबसे बड़ा धन है। इस धन को हासिल करने के लिए पुस्तकों से दोस्ती और मन लगाकर दृढ़ संकल्प के साथ पढ़ाई करने की जरूरत होती है। विद्या एक ऐसा धन है जो न केवल व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास में सहायक है अपितु जीवन में सफलता की ऊंचाइयों को हासिल करने के लिए इसी धन का उपयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि विद्या ही एकमात्र ऐसा धन है जो दूसरों को देने से बढ़ता है। एक अच्छे शिक्षण संस्थान को मानव मूल्यों को बढ़ावा देने वाली शिक्षा प्रदान करने का प्रयास करना चाहिए। हवन में गुरु-शिष्यों ने मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डालते हुए समाज में सुख-समृद्धि की कामना की।

### प्रतियोगिता में छात्राओं की झलकी प्रतिभा, 100 से अधिक प्रश्न पूछे

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में शुक्रवार को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता की अध्यक्षता विभाग की अध्यक्ष डॉ. श्रीलेखा चौबे ने की। यह प्रतियोगिता संस्कृत साहित्य के प्रसिद्ध नाटक मृच्छकटिकम् पर आधारित थी जिसमे छात्राओं ने अपनी प्रतिभा की शानदार प्रस्तुति दर्ज करवाई। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उक्त प्रकरण ग्रन्थ के रचयिता शूद्रक, उनके रचनाकाल, रूपक के प्रकरण भेद की विशेषताओं, नाटक एवं प्रकरण में समता /विषमता तथा मृच्छकटिक के पात्रों एवं घटनाओं से सम्बन्धित 100 से भी अधिक प्रश्न पूछे गए। टीम ए की छात्राएं ईशा, श्रुति और मीनू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। टीम सी की छात्राएं प्रीति, एकता और अनुज द्वितीय जबकि टीम बी से तन्नु, सोनिया और नैना तृतीय स्थान पर रही।

### ओम शांति शिक्षा सदन नाथुपुर के छात्रों ने कौन बनेगा चैंपियन प्रतियोगिता में मारी बाजी



**राई।** ओम शांति शिक्षा सदन नाथुपुर के छात्रों ने कौन बनेगा चैंपियन प्रतियोगिता में 34 ने भाग लिया। जिसमें कक्षा पांचवी के छात्र अनव ने पांचवा व दसवीं कक्षा के छात्र कार्तिक ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। छात्रों को ट्रॉफी, प्रमाण –पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया और अन्य 32 छात्रों को प्रमाण पत्र दिए गए। स्कूल के प्रबंधक योगराज भारद्वाज ने मेधावी छात्रों को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निदेशक योगराज भारद्वाज ने कहा कि स्कूल के छात्र समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पदक प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन करते रहते हैं। यह विद्यालय के लिए बड़े गौरव की बात है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## नवरात्रों की अष्टमी के दिन लगता है विशाल मेला

# आस्था का केंद्र है माता भीमेश्वरी का मंदिर

■ 1952 में गांव बिचपड़ी निवासी प्रभुदयाल वर्मा झज्जर में बेरी स्थित भीमेश्वरी मां के मंदिर से अखंड ज्योति लाए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए पुजारी विक्रमजीत, श्रद्धालु अनिल वर्मा व अन्य भक्तजन। फोटो : हरिभूमि

गोहाना में बरोदा रोड स्थित देवीनगर में माता भीमेश्वरी देवी का मंदिर लोगों की प्रमुख आस्था का केंद्र है। मंदिर में हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान सहित अन्य प्रदेशों से भी काफी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने आते हैं और मन्नतें मांगते हैं। नवरात्रों की अष्टमी के दिन मंदिर परिसर में विशाल मेला लगता है। मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा मेले की तैयारियां जोरशोर से शुरू कर दी हैं। 73 वर्ष पहले 1952 में गांव बिचपड़ी निवासी प्रभुदयाल वर्मा झज्जर में बेरी स्थित भीमेश्वरी मां के मंदिर से पैदल अखंड ज्योति लेकर आए थे। उसने ज्योति को देवीनगर में प्रतिष्ठित किया। उसके बाद से ही इस नगर का नाम देवीनगर पड़ा। इसके बाद यहां मंदिर का निर्माण करवाया गया। श्रद्धालु यहां पूजा-अर्चना करने पहुंचने लगे। आज यह मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का एक बड़ा केंद्र बन चुका है। इस मंदिर का भवन पुराना था। पिछले करीब ढाई वर्ष से मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है जो अब अंतिम चरण में हैं। मंदिर के गर्भ ग्रह में माता भीमेश्वरी की प्रतिमा और आसपास अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं प्रतिष्ठत की गई हैं। मंदिर के नव निर्माण के चलते 30 मार्च 2025 को दोबारा से मंदिर के व्यवस्थापक अशोक वर्मा बेरी से अखंड ज्योति लेकर आए।मंदिर परिसर में नवरात्रों की अष्टमी के दिन विशाल मेला लगता है। इस क्रम में इस बार भी नवरात्रों की अष्टमी के दिन मेला लगेगा। मंदिर में मेले की तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। जो श्रद्धालु दूर-दराज से आते हैं उनके लिए मंदिर की धर्मशाला में ठहरने का विशेष प्रबंध है।

### महिला विवि में सामाजिक सुरक्षा पर होगा कार्यक्रम: डॉ. मंजू पंवार



कुलपति प्रो. सुदेश

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विवि के समाज कार्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से सामाजिक कार्य शिक्षकों के लिए सामाजिक सुरक्षा पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। समाज कार्य विभाग की अध्यक्षा डॉ. मंजू पंवार ने बताया कि यह कार्यक्रम 8 से 10 अप्रैल तक चलेगा। कार्यक्रम के लिए वित्तीय अनुदान सहयोग प्राप्त हुआ है। यह कार्यक्रम समाज कार्य शिक्षकों के लिए आयोजित होगा जिसमें विभिन्न विषयों जैसे भिक्षावृत्ति, नशीली दवाओं आदि के दुरुपयोग करने के लिए और जरूरतमंद लोगों को सहयोग करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा।

